**आदेश** | कलेक्टर द्वारा जारी आदेश 15 सितंबर से होंगा लागू, उल्लंघन करने वालों पर होंगी कार्यवाही

# पांढुरना नगर जिला मुख्यालय में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना, 12 सितंबर,** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नीरज कुमार वशिष्ठ ने पांढुर्णा नगर क्षेत्र में सुगम यातायात, जन-सुरक्षा तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से मोटरयान अधिनियम 1988 एवं मध्यप्रदेश मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 एवं 217 के अंतर्गत पूर्व में जारी आदेश को अधिक्रमित करते हुए नवीन यातायात व्यवस्था संबंधी आदेश जारी किया है। यह आदेश 15 सितंबर 2026 से प्रभावशील होगा पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी पांढुर्णा से प्राप्त प्रतिवेदन तथा स्थानीय यातायात परिस्थितियों के परीक्षण के उपरांत यह निर्णय लिया गया है। नगर क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों के संचालन के समय विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की आवाजाही अधिक रहती है। साथ ही शहर की प्रमुख सड़कों पर भारी वाहनों की आवाजाही से यातायात प्रभावित होने तथा दुर्घटनाओं की संभावना को देखते हुए भारी वाहनों के आवागमन को विनियमित किया गया है।

### इन समयावधियों में भारी वाहनों का नगर में प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित

नगर पालिका परिषद पांढुर्णा की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में प्रतिदिन प्रात: 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 2:30 बजे से रात्रि 9 बजे तक सभी बड़े एवं भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश एवं आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।


फाईल फोटो

### यह रहेंगा परिवर्तित मार्ग

प्रतिबंधित अवधि में अमरावती एवं नागपुर की ओर जाने तथा वहां से आने वाले भारी वाहन वाड़ेगांव बायपास एवं तिगांव बायपास (भोपाल-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग) का उपयोग करते हुए नगर क्षेत्र में प्रवेश किए बिना आवागमन करेंगे।

**दोपहर 12 से 2:30 बजे तक 20 किमी प्रति घंटे की गति सीमा :** स्थानीय यातायात परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए दोपहर 12 बजे से 2:30 बजे तक भारी वाहनों को नगर क्षेत्र में आवागमन की अनुमति रहेगी। इस अवधि में भारी वाहनों की अधिकतम गति सीमा 20 किमी प्रति घंटा निर्धारित की गई है। वाहनों में स्थापित Speed Limit Device चालू एवं कार्यशील होना अनिवार्य रहेगा।

**आवश्यक एवं शासकीय कार्य वाले वाहनों को पूर्व अनुमति**

शासकीय निर्माण कार्य एवं अन्य अपरिहार्य परिस्थितियों में आवश्यक भारी वाहनों को नगर क्षेत्र में प्रवेश के लिए पूर्व अनुमति प्रदान की जा सकेगी। इसके लिए पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा के आधार पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी पांढुर्णा द्वारा अनुमति जारी की जाएगी। ऐसे वाहनों के लिए भी 20 किमी प्रति घंटे की निर्धारित गति सीमा का पालन करना अनिवार्य होगा।

***बायपास पर ड्रॉप गेट, प्रकाश एवं संकेतक बोर्ड की व्यवस्था***

*आदेश में संबंधित विभागों को मोरडोंगरी, भंदारगोंदी एवं वाड़ेगाव बायपास पर ड्रॉप गेट स्थापित करने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा गति सीमा एवं अन्य आवश्यक जानकारी प्रदर्शित करने वाले बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही सड़क मार्ग पर चिन्हित अवैध कट/टर्निंग प्वाइंट को तत्काल बंद करने तथा IRC नियमों के अनुरूप रंबल स्ट्रिप एवं पर्याप्त यातायात संकेतक लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं।*

***उल्लंघन करने वालों पर होंगी कार्यवाही***

*कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने स्पष्ट किया है कि आदेश लोकहित एवं जन-सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जारी किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, वाहन स्वामी अथवा चालक के विरुद्ध मध्यप्रदेश मोटरयान नियम, 1994 तथा अन्य प्रचलित वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक एवं दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।*

## सेवा संकल्प अभियान : जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने मंडलों में बनाई कार्ययोजना

### बूथ से हर परिवार तक पहुंचने का आह्वान

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 12 सितंबर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण एवं संकल्प के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान को लेकर जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने सौसर, रामाकोना, लोधीखेड़ा, पीपला नारायणवार, मोहखेड़ एवं लिंगा मंडल में कार्यशाला एवं मंडल कार्यसमिति बैठकों का आयोजन कर कार्ययोजना तैयार कराई।

बैठकों में जिलाध्यक्ष मोहोड ने अभियान की संगठनात्मक रूपरेखा, दायित्व निर्धारण और बूथ स्तर तक प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा की।



**कार्यकर्ता ही संगठन की मूल शक्ति - संदीप मोहोड**

जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा कि संगठन की मूल शक्ति उसके समर्पित और अनुशासित कार्यकर्ता हैं। जब कार्यकर्ता सेवा, संपर्क और संवाद के माध्यम से समाज के बीच कार्य करता है तो संगठन का विस्तार संख्या में नहीं बल्कि समाज के विश्वास में होता है।उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य केवल कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि सेवा के माध्यम से समाज के हर वर्ग से आत्मीय संबंध बनाना है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्व का निष्ठा से निर्वहन कर अभियान को मंडल से बूथ और बूथ से प्रत्येक परिवार तक पहुंचाए।सभी 6 मंडलों में हुई बैठकों में बूथ स्तर की तैयारियों और संगठन विस्तार पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, वरिष्ठ नेता राजू परमार, संतोष जैन, मोरेश्वर मर्सकोले, राजेन्द्र भक्ते, हरीश बत्रा, जनपद अध्यक्ष संजय भुते, जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड़, उपाध्यक्ष दीपक कामडे, जिला मंत्री उषा भमोरे, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विलास खिरडकर, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामेश्वर कवरेती, पूर्व महामंत्री राहुल मोहोड, जिला पंचायत सदस्य ललिता घोंघे, जनपद अध्यक्ष कृष्णा डिगरसे, सह कोषाध्यक्ष विलास घोंघे, वरिष्ठ नेता मदन साहू, लखन डोंगरे, राजू पवार, मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े, नामदेव पाल, प्रभाकर बोबडे, सदानंद डोंगरे, गगन घडकरे, घनश्याम कड़वे सहित बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत में 224 प्रकरणों का निराकरण, 1.38 करोड़ से अधिक के अवार्ड पारित

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 12 सितंबर.** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा सुशांत हुद्दार के मार्गदर्शन एवं जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सौंसर कपिल नारायण भारद्वाज के नेतृत्व में आज सिविल न्यायालय सौंसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।लोक अदालत में सिविल न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक एवं सिविल प्रकरण सहित कुल 137 प्रकरण रखे गए थे। वहीं प्री-लिटिगेशन के बैंक, नगरपालिका एवं विद्युत विभाग के 1380 प्रकरण सूचीबद्ध किए गए। लोक अदालत के लिए 3 खंडपीठों का गठन किया गया था, जिसमें जिला न्यायाधीश कपिल नारायण भारद्वाज, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड सचिन जैन एवं व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड सुश्री प्रगति असाटी शामिल रहे।न्यायालय में लंबित 137 प्रकरणों में से 111 प्रकरणों का निराकरण किया गया और *1 करोड़ 38 लाख 76 हजार 658 रुपये* के अवार्ड पारित किए गए। वहीं प्री-लिटिगेशन के 113 प्रकरणों का भी निराकरण हुआ। इस प्रकार लोक अदालत में कुल 224 प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण किया गया।

## एक नजर में



### स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित

**राहतगढ़.** वन परिक्षेत्र अधिकारी मनीष सिंह ठाकुर का स्थानांतरण पन्ना होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। वन परिक्षेत्र में करीब 13 साल रहने वाले सिंह के कार्यकाल की सराहना की। गढ़ी जिला रायसेन से आए नवागत रेंजर धीरेंद्र पांडे ने कार्यभार संभाला। इस मौके पर विजय बोहरे, निर्भानसिंह, केशव सूर्यवंशी, रामदीन प्रजापति, हरगोविन्द अहिरवार, संजय चौबे, पन्नालाल अहिरवार, केशव सूर्यवंशी, राजेंद्र दांगी, गिरजेश शर्मा, आशीषसिंह, राजेंद्रसिंह, नीलेश अहिरवार, मोतीराम घोषी, लाखन सिंह राजपूत मौजूद थे।



### एफआईआर में दर्ज नाम को हटाए जाने की मांग

**सागर.** अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ ने कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन सौंपकर एफआईआर में द्वेष भावना से दर्ज झूठा नाम हटाया जाने की मांग की है. संघ ने ज्ञापन सौपते हुए लेख किया है कि बंडा थाना अंतर्गत बिजली कर्मचारियों के साथ मारपीट के संबंध में दर्ज हुई थी उक्त एफआईआर में दर्ज आरोपी लक्ष्मण सिंह लोधी द्वारा प्रभारी कनिष्ठ अभियंता संजय भारती के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाकर आरोपी बनाया गया है। इस दौरान गजेन्द्र बोहत, नंदराम अहिरवार, रामजी प्रसाद, राहुल अहिरवार, विवेक अहिरवार, दिनेश चौधरी, रवि अहिरवार, हेमंत अहिरवार पुष्पेन्द्र अहिरवार शमिल थे।



### केसरवानी महिला सभा की मासिक बैठक

**सागर.** केसरवानी महिला सभा की केसरी शक्ति संगिनी की मासिक बैठक संपन्न हुई। आयोजन केसरवानी महिला सभा की प्रदेश संरक्षिका श्रीमती विनीता केसरवानी द्वारा किया गया। मटकी फोड़ में प्रथम पुरस्कार संध्या केसरवानी, द्वितीय प्रीति केसरवानी तथा तृतीय पुरस्कार प्रियंका केसरवानी को प्रदान किया। इस दौरान ज्योति केसरवानी, संध्या केसरवानी, ज्योति केसरवानी, शिवानी केसरवानी, मीना केसरवानी, ज्योति माया मौजूद रहीं.

### भाजपा सदर मंडल की कार्यसमिति बैठक संपन्न

**सागर.** भाजपा सदर केंट मंडल की कार्यसमिति की बैठक सदर स्थित सिदेश्वर मंदिर में आयोजित की गई. बैठक में 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से 17 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा एवं नरेन्द्र मोदी के सेवा समर्पण के सफलतम 25 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न सेवा कार्य जैसे कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई.

## मूर्ति के लोकार्पण के पूर्व निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**सागर 12 सितंबर. विधायक शैलेंद्र जैन ने संजय ड्राइव स्थित वीरांगना झलकारी बाई पार्क पहुंचकर यहां स्थापित की जाने वाली वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा एवं उसके स्थल का निरीक्षण किया।**

इस दौरान उन्होंने प्रतिमा स्थापना एवं आगामी लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सदस्यों से चर्चा की। विधायक श्री जैन ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई जयंती पर 22 नवंबर को प्रतिमा का लोकार्पण किया जाएगा। विधायक श्री जैन ने कहा कि जिस स्थान पर आज सुंदर और व्यवस्थित पार्क दिखाई दे रहा है, वहां कभी कचरे का ढेर हुआ करता था।

## जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर एवं एसपी द्वारा ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर किया संवाद

### ग्रामीणों की समस्याओं को सुन अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना, 12 सितंबर,** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ एवं पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार ने शनिवार को ग्राम घोघरी एवं गोविंदपुरा पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने लक्ष्मी बहना योजना, किसान सम्मान निधि, फार्मर आईडी में ई-केवाईसी, समग्र आईडी, दिव्यांग प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, वन पट्टे, राशन, सड़क एवं नाली सहित विभिन्न समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



ग्रामीणों द्वारा कोटवार उपाश्या बगड़े से संबंधित शिकायत में रिश्वत लिए जाने की बात सामने आने पर कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने संबंधित को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए।

ग्राम में विद्यालय के आसपास विद्युत तार लटकने की समस्या की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

***कृषि विभाग के अधिकारी प्रतिदिन गांवों में पहुंचकर दें किसानों को मार्गदर्शन***

*कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने कृषि विभाग के अधिकारी राहुल सरियाम को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से गांवों में पहुंचकर किसानों से संवाद करें और उन्हें फसल चयन, खेती की उचित तकनीक तथा फसल प्रबंधन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दें। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही एवं नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय में रसोईघर के नवीनीकरण के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।अभियान के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों से संपर्क करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अधिकारी-कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान 'जन गण मन' का गायन किया।*

## मुखर्जी के विचार और राष्ट्र के प्रति समर्पण

**नवभारत न्यूज**
**खुरई 12 सितंबर. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आजादी के बाद राष्ट्र की अखंडता के लिए प्राण देने वाले पहले बलिदानी थे। वे देश के लिए जिए, उन्होंने देश के लिए मृत्यु का वरण किया। उनका जीवन और विचार हमारे बीच प्रेरणा के रूप में मौजूद है। यह उद्गार मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने खुरई में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।**

श्री तोमर ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के एक विधान, एक प्रधान, एक निशान के संकल्प को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटा कर पूरा किया। श्री तोमर ने कहा कि खुरई में श्री मुखर्जी की प्रतिमा का अनावरण केवल एक प्रतिमा स्थापित करने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि उनके विचारों और राष्ट्र के प्रति समर्पण को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर है। श्री तोमर ने कहा कि खुरई में हुए विकास कार्यों को देखकर यह स्पष्ट होता है कि क्षेत्र में विकास की दिशा में लगातार काम हुआ है।



## ग्राम मारुड में मनाया तान्हा पौला, नैतिक बालपांडे को प्रथम पुरस्कार से नवाजा

**नव भारत न्यूज**
**मारूड (पांढुरना), 12सितंबर,** ग्राम मारुड की धार्मिक संस्था श्री विट्ठल रुक्मिणी मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्ष तान्हा पोला बडे ही भक्ति भाव तथा आस्था के साथ मनाया जाता हैं, जिसमें ग्राम के बच्चों द्वारा नंदी सजाकर मंदिर परिसर में लाए जाते हैं पुरानी परंपराओं का तोरण बांधा जाता है जिसमें बच्चों का उत्साह बढे इसलिए बच्चों को उत्कृष्ट पुरस्कार भी दिए जाते हैं ग्राम की बैंड पार्टी द्वारा पोला उत्सव में प्रस्तुति दी जाती है ग्राम कोतवाल द्वारा तोरण बांधा जाता है यह आस्था का पर्व प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम मारुड के मंदिर परिसर में मनाया गया। ग्राम के बच्चों का यह तान्हा पौला देखने दूर दराज के लोग आते है, इस वर्ष ग्राम पैलेपार निवासी नैतिक रामराव बालपांडे का नदी आकर्षण केंद्र बना रहा जिसे प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। अन्य बच्चों को भी गिफ्ट आइटम पेंसिल पेन तथा चॉकलेट बिस्किट पूडे दिए गए।

**प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे मूर्तिकार**

# गणेश उत्सव की तैयारियों में जुटे परिजन

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना, 12 सितंबर,** हिन्दू धर्म के प्रथम पूज्य माने जाने वाले भगवान गणेश का दस दिवसीय महोत्सव के आगमन को लेकर पूरे देश की तरह ही पांढुरना जिला नगर मुख्यालय सहित क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के भक्तजनों में भी बडा ही उत्साह बना हुआ है, परिवार के सभी सदस्य जोर-शोर से तैयारियों में जुट गए है, जिसके चलते बाजारों में अधिक चहल-पहल बनी हुई है।



**बाजारों में बढ़ी चहल-पहल :**

गौरतलब हो कि भगवान गणेश का दस दिवसीय महोत्सव विशेषकर महाराष्ट्र प्रदेश में बड़े ही धुमधाम के साथ मनाया जाता है,

महाराष्ट्र की तरह ही सीमा क्षेत्र से लगे इस पांढुरना में भी अन्य तीज त्यौहारों की तरह ही यह भगवान गणेश उत्सव भी मनाया जाता है। आगामी 14 सितंबर से भगवान गणेश के दस दिवसीय महोत्सव प्रारंभ होने वाले है, जिसे देखते हुए भक्तजनों द्वारा अपने-अपने घरों की साफ-सफाई तथा रंग रोगन के साथ ही अन्य तैयारियों में जुट गए है, वहीं मूर्तिकारों द्वारा गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे है। वहीं इनके साज-सज्जा के लिए नगर के प्रमुख बाजारों में खरीदारी करने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है, जिससे बाजारों में अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक चहल-पहल बनी हुई है।

**महंगाई का असर भी बेअसर**

यद्यपि बढ़ती महंगाई का असर अन्य सामानों की तरह ही गणेश प्रतिमाओं तथा इनके सजावटी सामानों पर भी दिखाई दे रहा है। भक्तों का मानना है कि इसके यहां पूर्वजों से ही गणेश प्रतिमाओं की स्थापना करने की परंपरा है, जिसका यह निर्वाह कर रहे है, लेकिन प्रतिवर्ष मूर्तिकारों द्वारा बढ़ती महंगाई की बात कहते हुए प्रतिमाओं के भाव बढ़ाएँ जा रहे है, वहीं इन प्रतिमाओं को घर पर लाने के बाद इनके सजावटी सामान जिसमें रंग-बिरंगी विद्युत लाईट, चमकी, श्रृंगार का समान भी अधिक महंगा हो गया है। लेकिन आस्था के आगे बढ़ती महंगाई कोई मायना नहीं रख रहीं है। क्यू पूरे वर्ष भर में ही यह गणेश उत्सव के दस दिन ऐसे होते है, जिसमें घर के सभी परिवार के सदस्य गणेश बप्पा की भक्ति के रंग में रंग जाते है।

## तान्हा पोला के माध्यम से बच्चों को गोवंश प्रेम का संस्कार

**नव भारत न्यूज**
**पांढुर्णा 12 सितम्बर,** नगर के संत श्री जगनाडे युवा सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में प्रथम वर्ष तान्हा पोला उत्सव का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में नन्हे-मुन्ने बच्चे सजे-धजे नंदी महाराज के साथ शामिल हुए। विभिन्न पारंपरिक वेशभूषाओं में बच्चों की सहभागिता ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

तान्हा पोला के इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को बचपन से ही गोवंश के महत्व, उसके पालन-पोषण और संरक्षण के साथ पशुओं के प्रति प्रेम एवं संवेदना की भावना से जोड़ना है। भारतीय संस्कृति और कृषि परंपरा में गोवंश का सदियों से महत्वपूर्ण स्थान रहा है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को इस परंपरा से परिचित कराने और उनके मन में पशुओं के प्रति स्नेह तथा जिम्मेदारी का भाव विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।





समिति का मानना है कि संस्कारों की शुरुआत बचपन से होती है। बच्चे जब स्वयं नंदी को सजाते हैं, उसके साथ उत्सव मनाते हैं और उसकी महत्ता को समझते हैं, तो उनके मन में गोवंश के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना स्वाभाविक रूप से विकसित होती है। तान्हा पोला इसी भाव को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सुंदर माध्यम है। प्रथम वर्ष में ही बच्चों और अभिभावकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने आयोजन को सफल बनाया। समिति के सदस्यों ने कहा कि भविष्य में इस आयोजन को और व्यापक स्वरूप दिया जाएगा, ताकि पांढुर्णा के बच्चों को अपनी संस्कृति, कृषि परंपराओं और गोवंश के प्रति प्रेम एवं संवेदनशीलता से जोड़ने का यह प्रयास निरंतर आगे बढ़ता रहे।